**एक नजर में**

### मंडी सचिव आनंद सिंह ठाकुर का निधन



**देवास।** आगर व नलखेड़ा कृषि उपज मंडी के सचिव आनंदसिंह ठाकुर का मंगलवार की अलसुबह नलखेड़ा में हृदयघात से 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्व. विक्रमसिंह मास्टर के पुत्र, दिलीपसिंह के बड़े भाई, अनिकेत सिंह के पिता तथा पत्रकार अनिलराजसिंह सिकरवार के जियाजी थे। ठाकुर की अंतिम यात्रा चामुण्डापुरी राधागंज स्थित निज निवास से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में मंडी अधिकारी-कर्मचारी, व्यापारी, राजनेताओं, पत्रकारों व गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। स्थानीय मुक्तिधाम पर हुई शोक सभा में भगवानसिंह चावड़ा, इंदरसिंह ठाकुर, मनोज राजानी, देवीसिंह बैस, चंद्रशेखर वशिष्ठ, एल.एन. मारू, विजय कोठारी, महेंद्र स्थापक, अजीत भल्ला, संजय नागर, आर.आर. यादव, पत्रकार असलम खान, राजेंद्र सिंह पंवार, खूबचंद मनवानी, नागेंद्रसिंह राजपूत, शैलेंद्र अड़ावदिया, अकरम कौसर, अरविंद परिहार, दिलीप सिर्वाल, पवन अग्रवाल, सुरेंद्रसिंह गौड़, तूफान सिंह बांगर, अनूपसिंह जादौन, अनिलसिंह बैस, शौकत हुसैन, कैलाशसिंह गौड़, ईश्वरसिंह चौहान, हिम्मतसिंह दरबार, विजयसिंह तंवर, राजेंद्र जैन, वरूण अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, संजय पोरवाल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दबंगों ने गाड़े बीच रोड पर खंभे



**बागली।** बागली से बेहरी मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 17 वर्ष पूर्व बनाया गया था उस वक्त सड़क के दोनों और 15 फुट जगह सुलभ आवागमन के लिये छोड़ी थी। लंबे समय तक यह मार्ग खुल रहा लेकिन इसी माह कुछ दबंग किसानों ने खेतों की बागर आगे बढ़ते हुए सड़क किनारे अतिक्रमण कर मार्ग का विरुद्ध कर दिया है इसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से की गई लेकिन दबंग कीसानो की राजनीतिक बहुत अधिक होने के कारण प्रशासन अतिक्रमण हटाने से डर रहा है। बेहरी नीवासी हीरालाल गोस्वामी ने बताया कि विगत 2 वर्ष में 5 से अधिक दुर्घटना वाहनों के आमने-सामने भिड़ंत और अन्य दुर्घटना खेत पर लगी बागर के कारण हो चुकी है। वर्तमान किसान ने सभी हद पार करते हुए लोहे के पक्के मजबूत खंभे गाड़ कर तार फेंसिंग कर दी है जिससे दुर्घटना की शंका बढ़ गई है।

### गुप्ता का 92 वर्ष की उम्र में निधन

**बागली।** भारतीय जनता पार्टी के नेता स्व भागीरथ गुप्ता की धर्मपत्नी लीला देवी गुप्ता का सोमवार देर रात्रि को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दिवंगत श्रीमती लीला देवी गुप्ता कृषक रामेश्वर गुप्ता जगदीश गुप्ता एवं पत्रकार मुकेश गुप्ता की माताजी रही। मंगलवार को उनकी अंतिम यात्रा उनके नवीन निवास गुप्ता सदन से शुरू हुई मुक्तिधाम स्थल तक बड़ी संख्या में समाज जन और क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

### महामना और अटल जी की जयंती मनाएंगे

**देवास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा महामना पंडित मदन मोहन मालवीय एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई जाएगी। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में 25 दिसंबर गुरुवार को प्रात: 9 बजे सिविल लाइन चौराहे पर पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाई जाएगी। महासंघ के युवा अध्यक्ष छोटू पांडे एवं विमल शर्मा ने बताया कि प्रात: महामना की प्रतिमा पर दुग्ध अभिषेक किया जाएगा तत्पश्चात समस्त ब्राह्मण बंधुओ द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। महामना की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात समस्त समाज जनों द्वारा बालगढ़ चौराहे पर स्थित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न ब्राह्मण गौरव पंडित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया जावेगा। महामंत्री दीपेश कानूनगो, संजय दुबे, महेंद्र व्यास, महिला संघ अध्यक्ष यशोदा शर्मा ने महासंघ युवा संघ एवं महिला संघ के समस्त पदाधिकारी व ब्राह्मण बंधुओ से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का कष्ट करें। उक्त जानकारी महामंत्री डॉ रितेश शर्मा ने दी।

### दिल्ली में काव्यपाठ करेंगे कवि शशिकांत यादव

**देवास।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटलबिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती पर दिल्ली सरकार द्वारा 25 दिसंबर 2025 को भारत मंडपम प्रगति मैदान दिल्ली पर एक विशेष राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें देश के सुविख्यात एवं सुनामधन्य कविगण काव्य पाठ करेंगे। साथ ही देवास नगर एवं प्रदेश के लाड़ले कवि शशिकांत यादव शशि भी इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में काव्यपाठ करेंगे। कार्यक्रम की मुख्यातिथि नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि कला-संस्कृति एवं भाषा विभाग नई दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा होंगे।

### विद्युत पेंशनरों की मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



**देवास।** म.प्र.विद्युत मंडल पेंशनर संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर देवास म.प्र.विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन द्वारा अपनी मांगों को लेकर एसोसिएशन अध्यक्ष हुकुमसिंह सायल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि विद्युत पेंशनरों के पेंशन भुगतान की गारंटी उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा दी गई गारंटी अनुसार म.प्र. शासन द्वारा भी पेंशन भुगतान की गारंटी दी जाए एवं विद्युत पेंशनरों को महंगाई राहत का भुगतान केन्द्र शासन द्वारा घोषित दर एवं प्रभाव से किया जाए। वर्तमान में राज्य के विद्युत पेंशनरों को महंगाई राहत का भुगतान केन्द्र शासन द्वारा घोषित दर एवं प्रभाव से नहीं किया जाता है। जबकि पेंशनरों को भुगतान होने वाली पेंशन एवं महंगाई राहत का कोई भी भार म.प्र. शासन अथवा विद्युत कंपनियों पर नहीं आता है इस हेतु प्रत्येक वर्ष टेरिफ प्रावधान अनुसार आवश्यक समस्त राशि विद्युत उपभोक्ताओं से उनके मासिक विद्युत देयक के माध्यम से प्राप्त की जा रही है। इस अवसर पर आर.एस. चौधरी, एन.के.शर्मा, एस.एन.जोशी, एस.आर. माकोडे, पी.आर. वर्मा, डी.सी. पाराशर, एस.के.हिंगें, बी.के.स्वामी, के.एल.उंडासे, राजकुमार शर्मा, सुरेश कारपेंटर, मनोहर फडनिस, प्रवीण रायगांवकर, एल.डी.गुप्ता, बी.एल.कुमावत, मदनलाल वर्मा, मधुकर भंवर, कालुसिंह चौधरी, महेश मोदी, सुरेश मोदी, सीताराम विश्वकर्मा, रमेशचंद्र जोशी, मानसिंह एरवाल, कदीर मोहम्मद कुरेशी, राजेन्द्रसिंह चौहान, देवनारायण डोडिया, सुबोध गंगराडे, रवि व्यास, प्रमोद जैन, गुलाम रब्बानी, विष्णु मंडलोई, बी.के.खत्री, मोहन मोदी, बाबूलाल आर्य, बालुप्रसाद जामोदिया आदि उपस्थित थे। अंत में सचिव सी.एस.पंवार द्वारा उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# रेलवे ट्रेक पर रील बनाते दो युवकों की मौत

**सोशल मीडिया की सनक बनी काल**



**देवास।** औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत बीराखेड़ी रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे पटरी पर रील बनाते समय बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक घटना में दो युवकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान विकास नगर निवासी आलोक और शंकर नगर निवासी सन्नी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब मालवा एक्सप्रेस इंदौर की ओर जा रही थी, जबकि बिलासपुर एक्सप्रेस देवास की ओर आ रही थी। इसी दौरान दोनों युवक रेलवे ट्रैक पर मोबाइल से वीडियो रील बना रहे थे, तभी अचानक ट्रेन आ जाने से वे उसकी चपेट में आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल औद्योगिक थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे के चलते बिलासपुर एक्सप्रेस करीब 30 मिनट तक रेलवे पटरी पर खड़ी रही, जिससे कुछ समय के लिए रेल यातायात प्रभावित हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस पूरे मामले को लेकर औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों युवक औद्योगिक थाना क्षेत्र के ही निवासी थे और रेलवे पटरी पर रील बनाते समय यह हादसा हुआ है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि रेलवे पटरी जैसे खतरनाक स्थानों पर इस तरह की गतिविधियों से बचें। रेलवे ट्रैक पर तेज रफ्तार से ट्रेनें गुजरती हैं, ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। सभी युवा सुरक्षित रहें और सतर्कता बरतें।

## स्कूल भूमि पर बिना सीमांकन बन रही बाउंड्रीवॉल

**सोनकच्छ।** तहसील अंतर्गत ग्राम बावई स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को शासन द्वारा सर्वे नंबर 1004/1 रकबा 2.02 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। उक्त भूमि पर राजस्व सीमांकन कराए बिना बाउंड्री वॉल निर्माण किए जाने व कुछ हिस्सा छोड़े जाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार संजय गर्ग ने विद्यालय परिसर पहुंचकर निर्माणाधीन बाउंड्रीवॉल व छोड़ी गई भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बिना सीमांकन निर्माण किया जा रहा था। जिससे विद्यालय की शेष भूमि पर अतिक्रमण की प्रबल आशंका बनी हुई थी। तहसीलदार ने मौके पर मौजूद निर्माण एजेंसी के लोगों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीमांकन पूर्ण होने के बाद ही बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जाए। इधर इस पूरे मामले पर जनपद पंचायत सीईओ गीतिका सोनी का कहना है कि मैं पंचायत सचिव से इस संबंध में जानकारी लेती हूं, उसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पंचायत सचिव अजब सिंह सेंधव ने स्पष्ट किया कि विद्यालय परिसर की शेष बाउंड्री वॉल का निर्माण राजस्व विभाग से सीमांकन करवाने के बाद ही किया जाएगा। तहसीलदार संजय गर्ग ने कहा कि, स्कूल को जो भूमि प्रदान की गई है। उस भूमि से कम में बाउंड्रीवॉल की जा रही थी। निर्माण एजेंसी के व्यक्ति स्पष्ट निर्देश दिए है कि आवंटित भूमि पर निर्माण कार्य करें। उसे कम न करें।

## मोती बंगला में श्री शिवपुराण का आयोजन



**देवास।** मोती बंगला दर्जी धर्मशाला में श्री शिवपुराण का आयोजन 22 से 28 दिसम्बर तक किया जा रहा है। जिसमें श्री महेश गुरुजी उज्जैन क्षिप्रेश्वर धाम के द्वारा शिव पुराण कथा का रसास्वादन करवाया जा रहा है। गुरूजी ने शिवपुराण माहात्म्य की कथा में देवराज द्विज का पापी होने पर भी वा चँचूला बिंदुग के मोक्ष की कथा तथा गुननिधि के शिव कृपा से कुबेर के पद की प्राप्ति की कथा प्रसंग व ब्रह्मा विष्णू का शिव के प्रति समर्पण की कथा का वर्णन किया। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक चलेगी।

## अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग स्पर्धा में अपने एज ग्रुप में देवास के हेमंत वर्मा प्रथम

**प्रतियोगिता के अंतिम पांच दिन में देवास से सोमनाथ तक की साइकिल यात्रा**



**देवास।** अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग स्पर्धा टुर डे 100 में देवास के हेमंत वर्मा अपने ऐज ग्रुप में प्रथम स्थान पर तथा कुल 1100 प्रतियोगियों में टॉप 10 में आठवां स्थान बनाया, वहीं प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे, देवास के ही विमल बाजपेई ने इस स्पर्धा में 12 स्थान अर्जित किया साथ ही प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहे। गत वर्ष भी हेमंत वर्मा अपने ऐज ग्रुप के 272 प्रतिभागियों में द्वितीय स्थान पर रहे थे। प्रतिस्पर्धा के दौरान हेमंत वर्मा ने 100 दिन में 7300 किलोमीटर साइकिल चलाकर 60300 मी का एलिवेशन भी प्राप्त किया। इस स्पर्धा में 20-20 दिन के पांच स्टेज होती है जिसमें प्रत्येक स्टेज में 10000 मीटर के एलिवेशन पर 1000 पॉइंट मिलते हैं। इस कारण अधिकतम पॉइंट एलिवेशन से प्राप्त हुए, जबकि विमल बाजपेई ने 6340 किलोमीटर साइकिल चलाकर 53630 मी का एलिवेशन प्राप्त किया। दोनों ने प्रतियोगिता के सभी 49 चौलेंज पूर्ण किए। प्रतियोगिता के दौरान अंतिम पांच दिनों में आप दोनों ने इंदौर के गणेश प्रसाद काले तथा राजेश हिरानी के साथ इंदौर से सोमनाथ तक लगभग 800 किलोमीटर की साइकिल यात्रा चार दिन में पूर्ण की। पूर्व में भी आप दोनों इसी ग्रुप के साथ अयोध्या तक तथा उज्जैन से श्रीनाथ सांवरिया जी तक साइकिल यात्रा कर चुके हैं।

## महिला थाना की प्रधान आरक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा



**कार्रवाई न करने के बदले 15 हजार की रिश्वत मांगी थी**

**देवास।** लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला थाना देवास में पदस्थ प्रधान आरक्षक शाहीन खान को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई लोकायुक्त पुलिस महानिदेशक भोपाल के निर्देश पर एवं पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन आनंद यादव के मार्गदर्शन में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 दिसंबर 2025 को आवेदक विशाल परमार ने लोकायुक्त पुलिस उज्जैन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उसकी पत्नी द्वारा महिला थाना देवास में मारपीट और दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई गई है, जिस पर कार्रवाई न करने के बदले प्रधान आरक्षक शाहीन खान द्वारा 15 हजार की रिश्वत की मांग की जा रही थी। लोकायुक्त पुलिस द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद 23 दिसंबर 2025 को ट्रैप दल का गठन कर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान महिला थाना देवास की प्रधान आरक्षक शाहीन खान को आवेदक से 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। लोकायुक्त पुलिस द्वारा आरोपी प्रधान आरक्षक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रतियोगिता के लिए टीम मैंगलोर रवाना

**देवास।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए स.वि.मं. विजयनगर देवास से भैया/बहिन की टीम मैंगलोर के लिए रवाना हुई। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर की बालिका वर्ग टीम कप्तान जानवी भैरवे, उर्वशी भैरवे, काजल शर्मा, नेहा राजपूत, ऑचल हरोडे, संध्या कुंभकार, मानसी परमार, हर्षिता तिवारी, दिव्या चौहान, रक्षा कारपेन्टर, मीनाक्षी सोलंकी एवं बालक वर्ग में भरत खेर, अभिनव बिल्थरे एवं सावन प्रजापत भाग ले रहे है। बालक/बालिका वर्ग में कोच प्रवीण सांगते, राशि सांगते के साथ टीम रवाना होने पर विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्रपाल सिंह सिसोदिया एवं विद्यालयीन समिति के सचिव शैलेन्द्र उपाध्याय एवं विद्यालय परिवार ने शुभकामना दी।

## महिला का सड़ा-गला शव मिलने से हड़कंप



**2-3 दिन पुराना शव, बदबू आने पर हुआ खुलासा**

**देवास।** बीएनपी थाना क्षेत्र अंतर्गत चामुंडा पैलेस कॉलोनी में एक मकान से महिला का 2-3 दिन पुराना शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घर से तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोलकर देखा तो महिला मृत अवस्था में मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि पत्नी गंभीर बीमारी से पीड़ित थी, उसकी मौत हो गई थी लेकिन डर के कारण कई दिनों तक किसी को सूचना नहीं दी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है, पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## रिद्धेश अयाचित का एसजीएफआई नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन



**देवास।** खेल जगत के लिए हर्ष का विषय है कि देवास शहर के होनहार शतरंज खिलाड़ी रिद्धेश अयाचित का चयन पांच दिवसीय नेशनल शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 27 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक गुवाहाटी में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से चयनित प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर देवास जिला शतरंज संघ के सचिव पवन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि देवास शहर से अब शतरंज खिलाड़ी निरंतर सफलता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इसके पीछे संगठन, समिति एवं प्रशिक्षकों की सामूहिक मेहनत और सतत प्रयासों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देवास का शतरंज राष्ट्रीय स्तर पर और भी सशक्त पहचान बनाएगा। रिद्धेश अयाचित का यह चयन उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। साथ ही, उनके माता-पिता का सहयोग और प्रोत्साहन भी इस सफलता की मजबूत नींव रहा है। उनकी इस उपलब्धि से देवास शहर में हर्ष और गौरव का वातावरण बना हुआ है। इस उपलब्धि पर देवास जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुशील पंडित , उपाध्यक्ष चेतन राठौड़ , जिला सॉफ्टबॉल के सचिव राजू श्रीवास्तव, शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष क्षितेंद्र सिंह, सहसचिव पवन पाटिल, शैलेंद्र चंद्रवंशी, सरफराज सिद्दीकी, मनोज कुशवाहा, मनोज सिंह सहित देवास की शतरंज अकादमी के सभी सदस्यों एवं प्रशिक्षकों कोच मुकेश धुरिया, पीयूष श्रीवास्तव, कुणाल अयाचित, शर्मा आदि ने बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## जगजीत मशीनरी व किसान जनरल स्टोर पर जीएसटी का छापा





**सोनकच्छ।** नगर में जीएसटी विभाग ने एक साथ बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए जगजीत मशीनरी और किसान जनरल स्टोर पर रेड की। दोनों ही दुकानें एक ही व्यापारी से संबंधित बताई जा रही हैं।कार्रवाई के दौरान सरिया, पाइप, सीमेंट तथा खेती-किसानी से जुड़ी निर्माण सामग्री के स्टॉक की गहन जांच की जा रही है। विभागीय टीम ने दुकान और गोदाम में रखे माल का भौतिक सत्यापन कर उसे बिल-बुक और रिकॉर्ड से मिलाना शुरू किया। अधिकारियों का कहना है कि जांच देर रात तक चल सकती है। एक साथ दो दुकानों पर हुई कार्रवाई से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया है। फिलहाल जीएसटी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इधर खबर लिखे जाने तक कोई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त नही हुई थी। उधर जीएसटी अस्सिटेंट कमिश्नर योगेश जाटवा का कहना है कि कार्रवाई जारी है। जल्द जानकारी देंगे। वहीं रेड के दौरान नाश्ता पानी भी कर्मचारी लेकर गया। अब ये अधिकारी के लिए था या व्यापारी के लिए इसकी जानकारी नही है क्योंकि बंद दुकानें में कार्रवाई रही थी।

**एक नजर** वैदिक गणित जो की संस्कृत के 16 श्लोक और 14 उप श्लोको पर आधारित है

## कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया



**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं गणित विभाग के सौजन्य से राष्ट्रीय गणित दिवस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में सम्पन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। डॉ. अनुपमा तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी, गणित विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. चारुशीला भोसले, अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष एवं रूसा प्रभारी डॉ. उज्ज्वला बाबर का स्वागत राजीव कुमार साहू, डॉ. लोकेश जारवाल एवं डॉ. अनुपमा तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रो. चारुशीला भोसले ने व्याख्यान में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से परिचित कराते हुए कहा कि उन्होंने मात्र 26 वर्ष की आयु में 120 गणितीय प्रमेयो के कारण उन्हें कैंब्रिज विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया था उनके एक सिद्धांत का नाम विशिष्टा दुवेत जिसका तात्पर्य है कि ब्रह्म ही परम सत्य है लेकिन उसकी सृष्टि अर्थात जीव और जगत उसके गुणों के रूप में उसके साथ विशिष्ट रूप से विद्यमान है। गणित के प्रति उनके प्रेम और योगदान के कारण रॉबर्ट कार्निवल ने उनके जीवन पर आधारित एक पुस्तक लिखी जिसका नाम है ए मैन हू न्यू इनफिनिटी। उन्होंने बताया कि आज कई विषयों में भी गणित का अध्ययन करना पड़ता है इसलिए गणित को विज्ञान की रानी कहा जाता है। आज गणित की कई शाखाओं का अध्ययन विद्यार्थी करते हैं जिसमे से एक शाखा वैदिक गणित जो की संस्कृत के 16 श्लोक और 14 उप श्लोको पर आधारित है जिनके उपयोग से हम जटिल गणनाओं को आसानी से हल कर सकते हैं। अंत में उन्होंने कहा कि शून्य से शुरू हुआ जीवन, मकसद अनंत तक जाना, है जिस दिन मिले मिट्टी में, वापस शून्य पर ही लौट आना है। प्राचार्य डॉ. जी. डी. सोनी ने बताया की डॉ. मनमोहन सिंह ने 26 जनवरी 1911 में घोषणा की थी की 22 दिसम्बर 2012 से राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाए। फिजिक्स और मैथ्स दोनों में रामानुजन के सिद्धांत का प्रयोग किया जाता है। साथ ही छात्राओं को इन दोनों विषयों में रुचि लेते हुए पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)**
**वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक/ 169/वाहन/2025 देवास. दिनांक 17//2/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https//mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेन्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD _469111_1 17-12-2025 | विभागीय स्वीपिग मशीन की मरम्मत में लगने वाले पार्ट्स क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।(संलग्न सूची अनुसार) | 1. 12 माह 2. 30.00 लाख | 01. 5000/- 02 90000/- | 07.01.2026 6 पीएम |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https//mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

उपायुक्त (वित्त)
नगर पालिक निगम देवास म.प्र.